# उज्जैन–आलोट संसदीय क्षेत्र

## संसदीय क्षेत्र में विकास कार्यों हेतु प्रयास

1. राष्ट्रीय राजमार्ग के तहत उज्जैन – आगर सड़क मार्ग, उज्जैन–देवास सड़क मार्ग, उज्जैन–गरोठ सड़क मार्ग स्वीकृत करवाया। इन सब पर लगभग 5 हजार करोड़ रूपये का व्यय होगा।
2. स्मार्ट सिटी अंतर्गत करोड़ों रूपये के विभिन्न विकास कार्य करवाये जा रहे हैं।
3. 317 करोड़ रूपये से अधिक की लागत से प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत सड़कों व पुलियाओं के कार्य स्वीकृत एवं कई कार्य पूर्णता की ओर।
4. 100 करोड़ से अधिक की राशि से सड़कों का जाल लोक निर्माण विभाग के माध्यम से प्रचलित एवं पूर्ण।
5. जल जीवन मिशन के अंतर्गत 33 हजार नवीन नल कनेक्शन जिले भर के गॉवों में दिये जायेंगे।
6. लोक निर्माण विभाग पी.आई.यू. के माध्यम से 16 करोड़ रूपये से अधिक की लागत से स्कूल भवन स्वीकृत।
7. सर्व शिक्षा अभियान के माध्यम से 47 करोड़ रू. से अधिक की लागत से स्कूल भवनों शौचालय, स्कूल में हैंडवाश व अतिरिक्त कक्षों का निर्माण कार्य प्रगति पर।
8. नागदा में एन.टी.पी.सी. इकाई की स्थापना के लिये स्वीकृति।
9. उज्जैन में औद्योगिक विकास हेतु नवीन औद्योगिक क्षेत्र के लिये संसदीय क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर भूमि उपलब्ध कराई जा रही है जिसमें फार्मास्युटिकल क्लस्टर, टेक्सटाईल क्लस्टर, इंजीनियरिंग क्लस्टर, प्लास्टिक क्लस्टर, पोहा क्लस्टर के लिये प्रयास किये जा रहे हैं।
10. कोरोना काल में जिले भर में आक्सीजन प्लांट की स्थापना।
11. सी.एस.आर. फण्ड से 5 एम्बूलेंस व चलित अस्पताल।
12. सी.एस.आर. फण्ड से संसदीय क्षेत्र में 200 से अधिक ऑक्सीजन कंसनटेटर दिये।

13. 50 बाईपेक मशीन अस्पतालों को उपलब्ध करवाई।

14. विभिन्न अस्पतालों में 10 वेंटीलेटर उपलब्ध करवाये।

15. 600 आक्सीजन सिलेंडर जिले के स्वास्थ्य केन्द्रों पर उपलब्ध कराये।

16. चरक में सिटी स्केन मशीन की स्थापना।

17. जिले भर में कोविड उपचार हेतु अस्थायी अस्पताल शुरू करवाये।

18. खाद्यान्न वितरण हेतु खाद्यान्न थैले वितरित।

19. दिव्यांगजनों को 162 बैटरी चलित साईकल वितरित की गई।

# रेलवे की उपलब्धियाँ

नई ट्रेनों का संचालनः—

1. मेरे अनुरोध पर इंदौर—उज्जैन—वाराणासी के बीच सप्ताह में तीन दिन काशी—महाकाल एक्सप्रेस संचालित की जा रही है।
2. गोरखपुर—अहमदाबाद के बीच व्हाया उज्जैन सप्ताह में 6 दिन एक  नई ट्रेन
3. बांद्रा से गोरखपुर सप्ताह में एक दिन
4. गांधीनगर से वाराणासी सुपर फास्ट एक्सप्रेस व्हाया उज्जैन सप्ताह में एक दिन
5. महू से प्रयागराज व्हाया इंदौर—फतेहाबाद— उज्जैन सप्ताह में सातों दिन
6. उज्जैन—इंदौर व्हाया फतेहाबाद के बीच दो नई मेमु ट्रेनों का संचालन

स्टापेजः—

1. सोमनाथ — जबलपुर का खाचरौद में स्टापेज
2. तराना रोड़ पर साबरमती एक्सप्रेस का स्टापेज
3. बड़नगर में इंदौर —  दिल्ली सराय रोहिल्ला का स्टापेज
4. बड़नगर में  इंदौर — बीकाने का स्टापेज
5. खाचरौद में इंदौर — डोंड एक्सप्रेस का स्टापेज
6. महिदपुर रोड़ में बांद्रा — देहरादून एक्सप्रेस का स्टापेज
7. विक्रमगढ़ आलोट में बांद्रा बारोनी अवध एक्सप्रेस का स्टापेज
8. नागदा में अहदमदाबाद — पटना का स्टापेज
9. नागदा में रामनगर — बांद्रा का स्टापेज
10. नागदा में नईदिल्ली — मुम्बई — नईदिल्ली राजधानी एक्सप्रेस का स्टापेज

    यह सब स्टापेज भारतीय रेलवे द्वारा कोविड 19 के चलते हुए बंद कर दिये गये थे काफी प्रयासों के बाद पुनः इन गाड़ियों के स्टापेज मेरे द्वारा प्रारंभ कराये गये हैं और

भी विभिन्न ट्रेनों के स्टॉपेज संसदीय क्षेत्र में आने वाले समय में करवाने के लिये मैं सतत प्रयासरत हूँ।

निर्माण कार्य :–

1. उज्जैन – फतेहाबाद चंद्रावती गंज रेल पथ अमान परिवर्तन का कार्य जिसकी लागत 250 करोड़ रू. है माननीय प्रधानमंत्री जी एवं रेल मंत्री जी द्वारा व्ही.सी. के माध्यम से लोकार्पण कराया गया। श्री चिंतामण गणेश पर नवीन रेलवे स्टेशन का निर्माण किया गया साथ ही लेकोड़ा एवं फतेहाबाद व्हाय (Y) पास पर प्लेटफार्मो का निर्माण कराया गया।
2. उज्जैन – नागदा रेल खण्ड के गंभीर नदी के नवीन पुल का निर्माण कार्य लागत 35 करोड़ रूपये
3. उज्जैन – देवास – इंदौर रेल पथ दोहरीकरण का कार्य बीच में राशि के आवंटन के कारण रूक गया था इस रेल पथ में उज्जैन से विक्रमनगर कड़छा तक का दोहरीकरण का कार्य पूर्ण हो चुका है । बाकी काम को पुनः चालू कराने के लिये 178 करोड़ रू. की धनराशि रेल मंत्रालय द्वारा चालू वित्तीय वर्ष में स्वीकृत कराई गई जिससे यह कार्य इंदौर की ओर आगे चल रहा है। विक्रमनगर एवं कड़छा में नवीन रेलवे स्टेशन भवनों का निर्माण कार्य कराया गया है।
4. उज्जैन में एयरपोर्ट से बेहतर रेल सुविधा युक्त नये रेल भवन का निर्माण कार्य भी सम्पन्नता की ओर है इस पर भारतीय रेलवे ने पूर्व में 5 करोड़ रू. की राशि स्वीकृत की थी धन के अभाव में यह कार्य बंद हो गया था मैंने प्रयास कर बाकी राशि स्वीकृत कराकर 12 करोड़ की लागत से उज्जैन को यह नई सौगात मिलने जा रही है ।
5. उज्जैन रेलवे स्टेशन के प्लेट फार्म 7 और 8 का नवीनीकरण एवं प्लेट फार्म पर छत का विस्तार साथ ही प्लेट फार्म की लम्बाई का भी विस्तार किया जा रहा है जिससे क्षेत्र के रेल यात्रियों को अधिक सुविधायें प्राप्त होगी।

6. उज्जैन में पश्चिम रेलवे के क्षेत्रीय प्रशिक्षण संस्थान जो कि भारतीय रेलवे द्वारा स्वीकृत किया गया है इसकी भी डी.पी.आर. एवं ड्राईंग भी तैयार हो गई है रेलवे बोर्ड से स्वीकृति शीघ्र ही अपेक्षित है।
7. मेरे संसदीय क्षेत्र में तराना रोड, खाचरौद, विक्रमगढ़ आलोट, नागदा, महिदपुर रोड एवं बड़नगर में भी रेलवे स्टेशनों पर विभिन्न विकास कार्य सम्पन्न कराये गये साथ ही छोटे–छोटे स्टेशनों पर भी यात्रियों के बैठने के लिये कुर्सियाँ व धूप से बचाव के लिये छॉव एवं पीने के पानी का प्रबंधन भी रेलवे द्वारा कराया गया।

आगामी सिंहस्थ 2028 के मद्देनजर माननीय रेल मंत्रीजी के साथ चर्चा कर प्रयाग राज हरिद्वार में जो सुविधायें रेलवे द्वारा मेले में यात्रियों को प्रदान की जाती है उसी के अनुरूप आगामी उज्जैन के सिंहस्थ के लिये भी कार्ययोजना बनाने का अनुरोध किया है।

उज्जैन इंदौर के बीच आगामी सिंहस्थ के पूर्व मेट्रो का संचालन प्रारंभ हो इसके लिये प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्रीजी से मैंने निवेदन किया है। माननीय मुख्यमंत्रीजी द्वारा सर्वे का निर्देश दिया गया है।